तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार 3 मार्च 2026

11 शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में मनाया रंगों का त्योहार



11 दुर्गा मंदिर मार्ग की बदहाल स्थिति से श्रद्धालु परेशान



## खबर संक्षेप

### अवैध असलहा के साथ एक युवक गिरफ्तार

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ पुलिस ने अवैध असलहा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान गांव मनोहरपुर निवासी विशाल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डिटेक्टिव स्टाफ इंचार्ज के मुख्य सिपाही विजय ने बताया कि वह रोहतक रोड पर गश्त कर रहे थे।

### ब्वायज हॉस्टल में छात्रों को किया बंद

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि के ब्वायज हॉस्टल में होली के दिन जहां रंगीला फाग जैसे कार्यक्रम किया गया वहीं दूसरी तरफ छात्रों को हॉस्टल में बंद किया गया। पहले भी विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों को हॉस्टल से बाहर निकालने की कोशिश कर चुका है लेकिन किसान छात्र एकता संगठन ने छात्रों के हित में उन्हें हॉस्टल में ठहरने की व्यवस्था करवाई थी।

### मारपीट करने पर तीन के खिलाफ मामला दर्ज

**जींद।** नई सब्जी मंडी के निकट युवक के साथ मारपीट करने पर शहर थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। श्याम नगर निवासी राजू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की वह नई सब्जी मंडी के निकट दोस्तों के साथ खड़ा मजाक कर रहा था। उसी दौरान बगल से गुजर रहे सैनी मोहल्ला निवासी विकास को लगा कि उसका मजाक उड़ा रहे हैं।

### दुकान का ताला तोड़कर हजारों के मोबाइल चुराए

**कैथल।** चीका में चोरों ने गुहला रोड स्थित एक मोबाइल की दुकान का ताला तोड़कर मोबाइल सहित लाखों रुपए का सामान चोरी कर लिया। मामले में चीका थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में संजय कॉलोनी वार्ड नंबर 8 निवासी प्रथम सिंगला ने बताया कि वह गुहला रोड पर श्री श्याम मोबाइल हब से मोबाइल फोन की दुकान चलाता है।

### ज्योत गोदाम में लगी आग, पैकिंग जली

**जींद।** विजय नगर में बीती रात किरयाना दुकान के स्टोर में आग लग गई। जिसमें 40 हजार ज्योत की पैकिंग जल गई। फायर बिग्रेड ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। विजय नगर निवासी प्रलहाद ने अपने मकान के साथ किरयाने की दुकान खोली हुई है।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव ढाठरथ से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव ढाठरथ निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी को कोई सुराग नही लगा।

### बाप-बेटे से मारपीट चार पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव अहिरका में रंजिशन हमला कर बाप व बेटे को घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव अहिरका निवासी रोहताश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी महाबीर परिवार से कहासुनी हो गई थी। वह अपनी भैंसों को बांध रहा था।

### भाविप पांच कन्याओं का सामूहिक विवाह कराएगी

**सीवन।** भाविप शाखा की बैठक सीवन में हुई, जिसमें 8 मार्च, रविवार को बाबा नारायण दास सत्संग भवन में होने वाले सामूहिक सरल विवाह समारोह की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पांच जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं का विवाह पूर्ण सादगी, गरिमा और सामाजिक सहयोग के साथ संपन्न करवाया जाएगा।

## हुडदंग करने वालों पर रहेगी कड़ी नजर

# जींद में 24 नाके लगाए और 600 पुलिस कर्मचारियों को किया तैनात

## महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष महिला पुलिस बल की तैनाती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली व चार मार्च को दुल्हंडी फॉग का त्यौहार धूमधाम से मनाया जाएगा। उप पुलिस अधीक्षक उचाना संजय कुमार ने कहा कि जींद में होली के त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने के लिए जींद पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं। उन्होंने कहा है कि होली के अवसर पर हुडदंग करने वाले पर पुलिस की नजर रहेगी। जींद पुलिस द्वारा जींद के अलग-अलग स्थानों पर 24 जगह नाकाबंदी कर चैकिंग की जाएगी। साथ ही सभी थाना और चौकी प्रभारियों को होली के त्योहार पर सुरक्षा के मद्देनजर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी व सतर्कता के साथ प्रभावी गश्त के निर्देश दिए हैं। होली के शुभ अवसर पर किसी प्रकार का हुडदंग या शांति व्यवस्था भंग न हो इसके लिए शरारती तत्वों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सभी थाना और चौकी प्रभारियों को त्योहार के अवसर पर कानून और शांति व्यवस्था बिगाडऩे वाले को चिन्हित कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के जिम्मेवार होंगे। उन्होंने कहा है कि होली के अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष महिला पुलिस बल की तैनाती की गई है। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए ट्रैफिक थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है तथा सभी चौक चौराहों पर पुलिस तैनात रहेगी। सभी पीसीआर और डायल 112 को निर्देश दिए गए हैं कि पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से जहां भी अव्यवस्था की सूचना प्राप्त हो वहा तुरंत मौके पर पहुंच स्थिति से निपटें। उन्होंने बताया कि जिला के सभी थानों में एसएचओ के साथ 12 डयुटी मजिस्ट्रेट न्युक्त किए गए हैं। जिले में 24 नाके, 25 ईआरवीए 40 राइडर व 15 एसएचओ मोबाइल सहित 600 पुलिस कर्मचारियों कि डयुटियां लगाई गई हैं। उप पुलिस अधीक्षक उचाना संजय ने बताया कि मोटरसाइकिल के साइलेंसर से पटाखों जैसी आवाज निकलने वाले, बिना हेलमेट और ट्रैफिक के नियमों की अवहेलना करने वालो और शराब पीकर वाहन चलाने वालो के खिलाफ, एल्को सेंसर की सहायता से नियमनुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित कि जाएगी।

### आपात स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने अपील कि है कि कानून व्यवस्था की पालना करते हुए पुलिस का हर संभव सहयोग करें। कुछ शरारती तत्व त्योहार की आड़ में अपनी किसी पुरानी रंजिश निकलने को कोशिश करते हैं। इस तरह के व्यक्तियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सांप्रदायिक सद्भावना बनाए रखें। बिना किसी भेदभाव के इस पावन पर्व का आनंद लें। कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें।

### कैथलः हुडदंग करने वालों पर होगी कार्रवाई : एसपी

**कैथल।** एसपी उपासना ने कहा कि होली-फाग रंगों का अनूठा भारतीय त्यौहार है जो एकता और भाईचारे के बंधन को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। होली-फाग का त्यौहार लोगों के जीवन में रंग भरने के साथ-साथ सभी को समाज में सद्भाव से रहने के लिए प्रेरित करता है। जाति और पंथ के निमन विचारों से ऊपर उठकर एकता व भाईचारे की भावना के साथ इस पर्व को मनाएं। उन्होंने रंगों का त्योहार मनाते समय दूसरों की भावनाओं का सम्मान करने और उनकी संवेदनशीलता को ठेस न पहुंचाने की भी अपील की। कहा कि त्योहार की आड़ में उपद्रव जैसी घटनाओं को अंजाम देने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों के साथ कोई रियायत ना बरतते कडाई के साथ निपटा जाएगा। त्यौहार पर बडी संख्या में शराब पीकर गाडी चलाने के कारण दुर्घटना के मामले सामने आते रहे हैं, जिससे आनंद और खुशी का यह दिन कई परिवारों के लिए त्रासदी में तब्दील हो जाता है।

## बजट में सीएम सैनी की नायाब घोषणा: नरवाना नागरिक अस्पताल में खुलेगा डायलसिस सेंटर

# नरवाना में खोला जाएगा महिला थाना व पिपलथा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

## पराली से 200 मेगावाट क्षमता की बायोगैस परियोजनाएं होंगी स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा सोमवार को हरियाणा प्रदेश का दूसरा बजट पेश किया गया। इस बजट से जींद के लोगों को काफी उम्मीदें थी। उम्मीद के मुताबिक जींद को बजट से करोड़ों रुपये की परियोजनाएं मिली हैं। जिनका फायदा आगामी समय में जींद के लोगों को देखने को मिलेगा। मुख्यमंत्री द्वारा सोमवार को बजट पेश करते हुए घोषणा की कि नरवाना में महिला थाना खोला जाएगा। इसके अलावा पिपलथा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोला जाएगा। नरवाना के नागरिक अस्पताल में डायलसिस सेंटर उपलब्ध होगा। साथ ही नरवाना बस स्टैंड की नई बिल्डिंग बनेगी। वहीं प्रदेशभर में नए 21 खेल स्टेडियम की बात कही है। जिसमें जींद को भी खेल स्टेडियम मिलेगा। हालांकि जींद में पहले ही अर्जुन व एकलव्य स्टेडियम हैं लेकिन व्यवस्थाएं न होने के चलते यह खेल स्टेडियम दुर्दशा का ही शिकार रहते हैं। मुख्यमंत्री ने बजट में सीवरेट ट्रीटमेंट प्लांट के जरिये जींद, कैथल व गुरूग्राम में अढाई हजार एकड़ को सिंचाई का लक्ष्य रखा गया है। जींद जिला की अढ़ाई हजार एकड़ जमीन भी सीवरेट ट्रीटमेंट प्लांट के जरिये निकलने वाले पानी से सिंचित किया जाएगा। इससे किसानों को भी फायदा होगा। जींद में प्रस्तावित



जींद का महिला थाना।

आईएमटी के लिए ई भूमि पोर्टल पर किसानों से प्रस्ताव मांगे जाएंगे। जींद में आईएमटी बनती है तो इसका फायदा यहां के युवाओं को मिलेगा। आज बेरोजगारी के चलते व जींद में कोई बड़ी इंडस्ट्री न होने के चलते युवाओं को दूसरे जिलों का रूख करना पड़ता है। ऐसे में अगर आईएमएटी बनती है तो यहां के लोगों को फायदा होगा। धान की पराली से 200 मेगावाट क्षमता की बायोगैस परियोजनाएं स्थापित होंगी। प्रदेश में 170 करोड़ की लागत से विश्राम गृह बनाए जाएंगे। जिसमें जींद में भी एक विश्राम गृह बनाया जाए। वहीं 25 मेगावाट क्षमता के पांच वेस्ट टू एनर्जी प्लांट विकसित किए जाएंगे। उचाना, सफीदों में सेक्टर काटे जाएंगे व जींद जिला कारागार में पेट्रोल पंप की सुविधा मिलेगी। बजट में मुख्यमंत्री ने नरवाना में महिला थाना खोलने की घोषणा की है। इससे महिलाओं को काफी लाभ होगा। नरवाना क्षेत्र की सीमा पंजाब के साथ लगती है। कई बार महिलाओं को अपनी शिकायत लेकर लगभग 100 किलोमीटर दूर जींद महिला थाना में आना पड़ता है। इसके अलावा कई बार महिला थाना में पंचायत भी होती हैं और दोनों पक्ष अपनी-अपनी बात महिला थाना प्रभारी के सामने रखते हैं। ऐसे में यदि एक महिला थाना नरवाना में भी खुल जाएगा तो इससे महिलाओं को काफी लाभ होगा। उनको अपनी शिकायत लेकर जींद नहीं आना पड़ेगा। जिले में दो महिला थाने खुलने से केसों को सुलझाने में भी तीव्रता आएगी। महिला थाना प्रभारी मोनिका ने कहा कि इसमें सबसे बड़ा लाभ महिलाओं को होगा। उनको बहुत दूर से जींद नहीं आना पड़ेगा। नरवाना के नागरिक अस्पताल में डायलसिस सेंटर खुलेगा। यहां पर पहले 50 बेड का अस्पताल था। जिसको 100 बेड का करने की घोषणा सरकार ने पहले ही कर दी थी। अब इसका बजट में भी नरवाना के नागरिक अस्पताल को 100 बेड का करने की घोषणा की है।

### नरवाना बस स्टैंड की बनेगी नई बिल्डिंग

नरवाना में बस स्टैंड की नई बिल्डिंग बनाई जाएगी। नरवाना बस स्टैंड व वर्कशाप 10 एकड़ में बनी हुई है। यहां अलग.अलग रूट पर जाने के लिए 12 बूथ बनाए जाएंगे। नरवाना से हिसार व चंडीगढ़ जैसे लंबे रूटों की बस चलती है। जींद जिले में रोडवेज डिपो के तीन उपकेंद्र हैं। इसमें जींद, सफीदों व नरवाना शामिल हैं। जींद डिपो में रोडवेज बसों की संख्या 160 से अधिक है, जिसमें से नरवाना उपकेंद्र के अधीन 30 बस आती हैं।

### पिपलथा में स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी, मिलेगी राहत

गांव पिपलथा में नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोला जाएगा। इससे यहां स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी। गांव पिपलथा में इस समय हेल्थ सब सेंटर चल रहा है। यहां पर तीन कमरे का भवन है। अब इसे अपग्रेड करके यहां पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाएगा। इसके लिए बड़े भवन की जरूरत होगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुलने के बाद सबसे बड़ी सुविधा यहां डिलीवरी की होगी। इससे आसपास के गांवों की गर्भवति महिलाओं को काफी लाभ होगा। इसके अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुलने से यहां स्टाफ भी बढ़ जाएगा। मुख्यमंत्री ने पिपलथा गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की घोषणा बजट में की है।

### जेसीबी की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जींद।** गांव लौन गोदाम के निकट तेज रफ्तार जेसीबी की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। गढ़ी थाना पुलिस ने मृतक के ताऊ की शिकायत पर जेसीबी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव लौन निवासी रितेश बाइक पर सवार होकर नरवाना की तरफ खेत में जा रहा था। रजबाहा के निकट रॉग साइड से आ रही तेजरफ्तार जेसीबी ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें रितेश गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर हालात में रितेश को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल नरवाना ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर गढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। जेसीबी चालक की पहचान गांव बिधराणा निवासी जयपाल के रूप में हुई। गढ़ी थाना पुलिस ने मृतक के ताऊ धर्मपाल की शिकायत पर जेसीबी चालक जयपाल के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ट्रैफिक पुलिस ने 133 वाहनों के काटे चालान

**कैथल।** जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सड़क हादसों की रोकथाम के उद्देश्य से 23 फरवरी से 1 मार्च तक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस टीम द्वारा गलत लेन में वाहन, लाल नीली बत्ती का इस्तेमाल व नशा करके वाहन चलाने वालों तथा प्रेशर हॉर्न व बुलेट बाइक से पटाखे बजाकर या अन्य तरीके से ध्वनि प्रदूषण करने वाले चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान गलत लेन में वाहन चलाने के 60, ध्वनि प्रदूषण करने के 5, लाल नीली बत्ती इस्तेमाल के 62 तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 6 वाहन चालकों के चालान काटे गए।

# नर्सिंग ऑफिसर ने रक्तदान शिविरों में ड्यूटी करने से किया इनकार

- नागरिक अस्पताल के मुख्य गेट पर एकत्रित होकर किया रोष व्यक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की नर्सिंग ऑफिसर की डयूटी रक्तदान शिविरों में लगाए जाने का विवाद थमने का नाम नही ले रहा है। सोमवार को नर्सिंग ऑफिसर ने नागरिक अस्पताल के गेट के सामने एकत्रित होकर अपना विरोध प्रकट करते हुए कहा कि उनकी डयूटी रक्तदान शिविर में लगने से वार्ड का काम प्रभावित होता है। वहीं स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि अस्पताल के लिए रक्तदान शिविर बहुत अहम हैं। इन शिविरों के माध्यम से ही अस्पताल को रक्त मिलता है। ऐसे में अब रक्तदान शिविरों में डयूटी को लेकर नर्सिंग ऑफिसर व अस्पताल प्रशासन के बीच खींचतान जारी है। नर्सिंग ऑफिसर सोमवार को नागरिक अस्पताल की नई बिल्डिंग के सामने एकत्रित हुए। सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शारदा ने कहा कि रक्तदान शिविर में स्टाफ नर्स की डयूटी लगने से उनके वार्ड में पैशेंट प्रभावित होते हैं। इसके बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया था। बावजूद इसके उनकी डयूटी रक्तदान शिविरों में लगा दी जाती है। ऐसे स्टाफ नर्स को भी परेशानी होती है और वार्ड में पैशेंट कई होते हैं। रविवार को लगे रक्तदान शिविर में आठ नर्सिंग आफिसर गई थी। इनमें से दो नियमित व छह एनएचएम के तहत लगे नर्सिंग आफिसर शामिल थे। इसके बावजूद उन पर काम पर दबाव बढ़ाया जा रहा है। रक्तदान शिविर में अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाती है। वह प्रतिदिन अपने वार्ड में मरीजों की देखरेख करती हैं।

# मकान की छत गिरी, बुजुर्ग जंगा राम घायल

- पास पड़ोस के लोगों ने मशक्कत के बाद मलबे से बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



कलायत वार्ड 2 में पुराना गुरुद्वारा वाली गली में एक मकान में लकड़ी से बनी छत गिर गई। हादसे में मकान के 66 वर्षीय मालिक जंगा राम यादव मलबे के नीचे दब गए। परिजनों और आसपास के लोगों की मदद से उन्हें भारी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। घायल जंगा राम का उपचार करवाया जा रहा है। हादसे में कमरे में रखा सारा घरेलू सामान पूरी तरह तहस-नहस हो गया। जंगा राम की पत्नी भजन कौर ने बताया कि घटना रविवार रात करीब 10 बजे हुई। उस समय परिवार के सभी सदस्य बच्चों सहित दूसरे कमरे में सो रहे थे। अचानक तेज आवाज के साथ छत फर्श पर आ गिरी। कमरे में जंगा राम सो रहे थे और वे पूरी छत गिरने से मलबे में दब गए। छत गिरने की आवाज सुनकर परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे और पास पड़ोस के लोगों की सहायता मबले में दबले बुजुर्ग को तलाशते हुए बाहर निकाला गया। परिवार के अनुसार मकान काफी पुराना और जर्जर हालत में था। छत गिरने से अब पूरा घर असुरक्षित हो गया है। जिससे परिवार के सामने रहने की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। भजन कौर ने बताया कि उनका परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है और बीपीएल सूची में शामिल है। आय का कोई स्थायी साधन नहीं होने के कारण मकान की मरम्मत कराना उनके लिए संभव नहीं है। उन्होंने प्रशासन से आर्थिक सहायता और पुनर्वास की मांग की है। इस संबंध में भजन कौर ने कलायत एसडीएम अजय हुड्डा को लिखित आवेदन सौंपा है। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि परिवार को तत्काल राहत राशि और आवासीय सहायता प्रदान की जाए। ताकि वे सुरक्षित स्थान पर रह सकें। समाज सेवी संगठनों ने परिवार की नाजुक स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान निर्माण करवाने की मांग की है।

### एसडीएम ने दिए निरीक्षक के आदेश

एसडीएम अजय हुड्डा ने बताया कि वार्ड 2 में मकान की छत गिरने की सूचना मिलने पर राजस्व अधिकारियों को मौके का निरीक्षण करने और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दे दिए गए हैं। प्रशासन की तरफ से रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इसके आधार पर राहत प्रदान की जाएगी।

## कैथल–पटियाला मुख्य मार्ग की दयनीय स्थिति, जनता परेशान

# करोड़ों के नवीनीकरण के बाद भी दरकी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल से पटियाला को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों बदहाल स्थिति में है। ये सड़क हरियाणा और पंजाब के बीच आवागमन का महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, लेकिन वर्तमान में इसकी हालत इतनी खराब हो चुकी है कि राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे बने हैं। विशेषकर कैथल की ओर जाते समय बड़ी नहर के पास सड़क की स्थिति अत्यंत खराब है। यहां सड़क पूरी तरह टूट चुकी है और गहरे गड्ढों के कारण



वाहन चालकों को बहुत धीमी गति से निकलना पड़ता है। कई बार तो स्थिति ऐसी हो जाती है कि दोपहिया वाहन चालक गिरने से बाल-बाल बचते हैं, जबकि चारपहिया वाहनों को भी बार-बार ब्रेक लगाकर संभलकर चलाना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मात्र 10 किलोमीटर का यह सफर तय करने में करीब 40 मिनट तक का समय लग जाता है। इससे न केवल लोगों का कीमती समय बर्बाद हो रहा है, बल्कि ईंधन की खपत बढ़ने से आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। व्यापारी वर्ग का कहना है कि खराब सड़क के कारण माल ढुलाई प्रभावित हो रही है, जिससे व्यापार पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। स्कूल-कॉलेज जाने वाले विद्यार्थी, नौकरीपेशा लोग और मरीजों को अस्पताल ले जाने वाले वाहन भी इस समस्या से जूझ रहे हैं। बरसात के दिनों में गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है, क्योंकि गड्ढों की गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है। उधर कैथल–पटियाला मार्ग की खराब हालत को लेकर राजनीतिक तापमान बढ़ गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पटवारी दिलबाग सिंह ने कहा कि फोरलेन का श्रेय लेने की होड़ मची है, पर कैथल से टटियाना तक तीन वर्ष पहले हुए नवीनीकरण की मजबूती पर कोई जवाब नहीं दे रहा। उन्होंने सवाल उठाया कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद सड़क इतनी जल्दी क्यों उखड़ गई। दिलबाग पटवारी ने बिना नाम लिए तत्कालीन विधायक पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि उस समय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वालों की जिम्मेदारी थी।

### आवश्यक कदम उठाए जा रहे

विभाग के एसडीओ अरुण कंसल ने कहा कि नवीनीकरण के समय वे तैनात नहीं थे, लेकिन मौजूदा स्थिति को देखते हुए ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण और टिकाऊ पैचवर्क के सख्त निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सड़क की दशा सुधारने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।


जींद। टीम द्वारा सील किए गए सैंपल। फोटो :हरिभूमि

### सीएम फ्लाइंग टीम ने सैंपल जांच के लिए भेजे

**जींद।** जिला खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम व सीएम फ्लाइंग ने गांव खेड़ी तलोडा में वनस्पति घी बनाने के एक गोदाम पर दबिश दी। यहां से टीम को 65 लीटर वनस्पति घी मिला। इसके सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए गए हैं। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. योगेश कादियान ने बताया कि गांव खेड़ी तलोड़ा में एक मकान पर दबिश दी गई। यह मकान रणधीर का था। यह मकान गांव सिवाहा निवासी अनिल ने दस हजार रुपये महीना किराये पर ले रखा है। अनिल यहां पर वनस्पति घी बनाता है। अनिल ने इसके लिए एसके ट्रेडिंग कंपनी बनाई हुई है व कृष्णा क्लासिक ट्रेड मार्क लिया हुआ है। इसी ट्रेड मार्क के नाम से यह वनस्पति प्रीमियम क्वालिटी घी बनाता था। सीएम फ्लाइंग के सब इंस्पेक्टर विजेंद्र की मौजूदगी में टीम ने यहां से सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए हैं। सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।





भारतीय जन-जीवन में फागुन का आगमन केवल ऋतु-परिवर्तन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना का सक्रिय समय होता है। इस चेतना को अपने अस्तित्व में संजोती, उसमें लोक व्यवहार और परंपराओं को पोसती स्त्री की सहभागिता, फागुन में नव-उमंग को संचारित करती है। इससे घर-परिवार और समाज में जीवंतता का इंद्रधनुषी रंग घुल-मिल जाता है।

# फागुन की थाप में स्त्री की भूमिका

आवरण कथा



कल्पना मनोरमा, साहित्यकार

फागुन वह महीना है, जब प्रकृति में दिखाई देने वाले परिवर्तन, पेड़ों पर बौर, टेसू के फूलों की केसरिया आभा, हवा की गंध, मनुष्य की स्मृतियों और संबंधों को अलग तरह से प्रभावित करते हैं। ऋतु का यह बदलाव बाहरी दृश्य से अधिक आंतरिक अनुभव का विषय बन जाता है। विशेषतः स्त्री के जीवन में फागुन एक साथ स्मृति, अनुभव, सजगता और सहभागिता का समय लेकर आता है। उल्लास की डोर हौले से पकड़ा देता है।

## स्पष्ट संकेतों के साथ फागुन का आगमन

प्रकृति के स्तर पर फागुन का आगमन स्पष्ट संकेतों के साथ होता है। हवा में महुए की गंध घुलने लगती है, टेसू के फूल, गेहूं, चने की पकी फसलें, खेतों और बागों को रंग देते हैं, धूप में हल्का सुनहरापन घुल जाता है। यह परिवर्तन केवल दृश्य नहीं, संवेदनात्मक भी होता है। गंध, रंग और ध्वनि मिलकर ऐसा वातावरण निर्मित करते हैं, जिसमें अतीत और वर्तमान का अंतर कम होने लगता है। ढोलक की थाप, फगुआ के गीत और गली-मोहल्लों की चहल-पहल सामूहिकता का आह्वान करती है। यह वह समय है, जब व्यक्ति अपने निजी जीवन से बाहर निकलकर समुदाय का हिस्सा बनता है। एक अपने से दृष्टि हटाकर कुनबे की तरफ देखता है।



## सामाजिक भेद से दूर होली का उल्लास

होली के दिन सामाजिक भेद कुछ समय के लिए हल्के पड़ जाते हैं। यह भेद मिटाना केवल खेल के लिए नहीं, प्रतीकात्मक क्रिया होती है। यह बताने के लिए कि सामाजिक ऊंच-नीच, औपचारिकता और दूरी का स्थान उत्सव में सीमित है। बड़े-छोटे, स्त्री-पुरुष, सभी एक साथ रंग में भीगते और गले मिलते हैं।

ढोलक की थाप और फगुआ के गीत सामूहिक स्मृति को जीवित रखते हैं। लोकगीतों में पीढ़ियों का अनुभव, हास्य, व्यंग्य और जीवन-दृष्टि संचित रहती है। पारंपरिक समाज में वे प्रारंभ में चौखट के भीतर से देखती थीं, पर धीरे-धीरे सहभागिता का दायरा बढ़ता गया।

## उम्र के हिसाब से बदल जाता है फागुन का अर्थ

जीवन-चक्र के विभिन्न चरणों में फागुन का अर्थ बदलता है। बचपन में यह केवल खेल और आनंद का समय होता है- पिचकारी, रंग और खुली हंसी। किशोरावस्था में रंगों का अनुभव अधिक संवेदनशील हो उठता है, सामाजिक और शारीरिक चेतना जागृत होती है। विवाह के बाद नए परिवेश में स्त्री को संबंधों की मर्यादाएं समझनी होती हैं, किसके साथ कितनी सहजता उचित है, कहां संयम आवश्यक है। इस प्रक्रिया में वह अपने लिए संतुलित स्थान तय करती है। धीरे-धीरे वह समझती है कि उत्सव में भागीदारी का अर्थ भीड़ में विलीन हो जाना नहीं, बल्कि अपनी गरिमा बनाए रखते हुए शामिल होना है।



## रंगों का प्रतीकात्मक अर्थ आज भी है प्रासंगिक

समकालीन संदर्भ में भी फागुन का महत्व बना हुआ है, यद्यपि स्वरूप में परिवर्तन आया है। शहरी जीवन में सामूहिकता का रूप सीमित हो सकता है, पर रंगों का प्रतीकात्मक अर्थ अब भी प्रासंगिक है। सम्मान, सहमति और सहभागिता के नए मानक स्थापित हो रहे हैं। इस परिवर्तन में स्त्री की भूमिका अधिक स्पष्ट और मुखर हुई है। वह उत्सव की सहभागी ही नहीं, उसकी दिशा निर्धारित करने वाली भी है। अंततः फागुन एक ऐसा सांस्कृतिक क्षण है, जिसमें प्रकृति, समाज और व्यक्ति का अनुभव एक-दूसरे से जुड़ता है। यह स्मृति को सक्रिय करता है, संबंधों की परीक्षा लेता है और सामूहिकता की भावना को पुनर्स्थापित करता है। स्त्री के संदर्भ में फागुन का महीना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि वह इसमें श्रम, संवेदना, सावधानी और उल्लास, सभी को संतुलित करती है।

## केवल रंगों का पर्व नहीं फागुन

यदि उत्सव में आनंद और मर्यादा साथ चलें, तो फागुन केवल रंगों का पर्व नहीं, सामाजिक परिपक्वता का प्रतीक भी बन जाता है। इसी सांस्कृतिक संदर्भ में उत्तर प्रदेश के बरसाना की होली विशेष उल्लेखनीय है। यहां लट्ठमार होली की परंपरा केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि प्रतीकात्मक सामाजिक संवाद है। स्त्रियां लाठियां लेकर पुरुषों पर प्रहार करती हैं और पुरुष ढाल लेकर उसे खेल भाव से स्वीकारते हैं। यह आयोजन लोकविश्वास से जुड़ा है, जिसमें राधा-कृष्ण की लीलाओं का स्मरण निहित है। यहां स्त्री केवल दर्शक नहीं, सक्रिय केंद्र में होती है। उसकी उपस्थिति उत्सव की धुरी बनती है और प्रतिरोध भी विनोद के भीतर रूपायित होता है। श्रीकृष्ण के रंग-अनुराग का प्रसंग होली के पर्व को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विस्तार देता है। श्रीकृष्ण द्वारा गोपियों पर रंग डालने की कथा केवल राग-रंग का प्रसंग नहीं, बल्कि प्रेम की स्वीकृति और संवाद का प्रतीक है। राधा-कृष्ण की परंपरा में रंग एकतरफा नहीं, प्रत्युत्तर में लौटता है, यह समानता और सहभागिता का सांकेतिक रूप है। इस प्रकार फागुन का सांस्कृतिक अर्थ व्यक्तिगत स्मृतियों से लेकर लोक-परंपराओं और दार्शनिक प्रतीकों तक विस्तृत है। स्त्री की स्मृति, उसकी सजगता और उसकी सक्रिय भागीदारी इस पर्व को पूर्णता देती है।

# स्त्री-शक्ति के सात रंग

महिलाओं को सशक्त बनने के लिए अपने जीवन में सशक्तिकरण के प्रतीक ये सात रंग भरने जरूरी हैं। ये रंग कौन से हैं, इनके बारे में आपको जरूर जानना चाहिए।

आह्वान

शिखर चंद जैन



महिलाओं को सशक्त बनाना किसी भी समाज-राष्ट्र की प्रगति के लिए सबसे प्रभावशाली कदम है। इसके लिए हर महिला को अपने जीवन में इन सात रंगों को सजाना होगा।

## पहचान का रंग

सशक्तिकरण की पहली सीढ़ी स्वयं को पहचानना है। एक स्त्री को समाज द्वारा तय की गई भूमिकाओं से इतर अपनी एक स्वतंत्र पहचान बनानी चाहिए। पुस्तक, 'आई नो व्हाई द केज्ड बर्ड सिंग्स' की लेखिका माया एंजेलो कहती हैं, 'हमारी पहचान हमारे अतीत से नहीं, बल्कि हमारे चयन से बनती है।'

## आर्थिक आत्मनिर्भरता का रंग

आज के दौर में 'फाइनेंशियल फ्रीडम' नारी शक्ति का मुख्य स्तंभ माना गया है। आर्थिक रूप से स्वतंत्र महिला न केवल अपने परिवार की रीढ़ बनती है, बल्कि देश की जीडीपी में भी योगदान देती है। आर्थिक स्वावलंबन, उद्यमिता और वित्तीय मजबूती ही असली सशक्तिकरण है।



## साहस का रंग

इतिहास से लेकर वर्तमान तक, महिलाओं का संघर्ष ही उनके साहस का वास्तविक परिचायक रहा है। चाहे वह झांसी की रानी की ऐतिहासिक वीरता हो या आज की महिला सैनिकों, वैज्ञानिकों और एथलीटों का संघर्ष। साहस, नारी का वह रंग है, जो उसे विपरीत परिस्थितियों में भी टूटने नहीं देता। मुसीबतों के सामने डटे रहना ही नारी शक्ति का सबसे गहरा रंग है।

## शिक्षा का रंग

शिक्षा केवल साक्षरता नहीं, बल्कि सोचने का नजरिया देता है। उच्च शिक्षा और तकनीक का ज्ञान महिलाओं को रूढ़िवादिता की बेड़ियों से मुक्त कर उन्हें वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाता है। यह रंग अज्ञानता के अंधेरे को दूर कर तार्किक सोच विकसित करता है।

## नेतृत्व क्षमता का रंग

आज के दौर में महिलाएं केवल आदेशों का पालन नहीं करतीं, बल्कि वे नेतृत्व भी करती हैं। कॉर्पोरेट बोर्डरूम से लेकर पंचायतों और संसद तक, महिलाओं की भागीदारी ने यह सिद्ध किया है कि उनमें निर्णय लेने की अद्भुत क्षमता होती है। हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता साबित करके दिखाया है कि महिलाएं केवल घर ही नहीं, बल्कि दुनिया चलाने की क्षमता रखती हैं।

## संवेदनशीलता का रंग

अकसर ही संवेदनशीलता को कमजोरी समझा जाता है, लेकिन नारी शक्ति का एक रंग उसकी संवेदनशीलता और भावनाओं में ही छिपा है। एक सशक्त महिला अपने आसपास के परिवेश को अधिक समावेशी और शांतिपूर्ण बनाने का सामर्थ्य रखती है।

## सामाजिक न्याय का रंग

नारीवाद का आधुनिक रंग केवल अपने हक तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज में न्याय की स्थापना का रंग है। यह रंग एक न्यायपूर्ण और समतावादी समाज के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करता है। सशक्तिकरण का यह रंग चुप रहने की परंपरा को तोड़कर बदलाव की आवाज बनने का आह्वान करता है।

होली का त्योहार हर्षोल्लास से भरा होता है। लेकिन रंगों में मौजूद केमिकल्स कई बार आंखों और त्वचा के लिए नुकसानदेह साबित होते हैं। इनसे बचाव के लिए आपको किस तरह की सावधानियां बरतनी चाहिए, बता रहे हैं डिटेल में।

# बरतें सावधानी-मनाएं सुरक्षित होली

मेडिकल एडवाइस

डॉ. रॉबिन लोहिया

जनरल फिजिशियन, दिल्ली



बगैर सावधानी बरते और केमिकल वाले रंगों से होली खेलने की वजह से कई लोगों को स्किन और आंखों से जुड़ी समस्याएं होने लगती हैं।

**हो सकती हैं ये स्किन प्रॉब्लम्स:** आमतौर पर बाजार में बिकने वाले होली के रंगों में लेड, मरकरी, क्रोमियम, कॉपर सल्फेट और इंडस्ट्रियल डाइज होते हैं, जो एलर्जी और इंफेक्शन का कारण बन जाते हैं। रंगों में मौजूद केमिकल्स त्वचा की प्राकृतिक नमी सोख लेते हैं, इससे रूखापन, जलन और खुजली जैसी समस्याएं परेशान करने लगती हैं। इनकी वजह से लाल चकत्ते, सूजन और फफोले जैसी समस्याएं भी परेशान कर सकती हैं। इससे एक्जिमा, सोरायसिस या एटोपिक डर्मेटाइसिस जैसी समस्याएं परेशान करने लगती हैं। कुछ रंगों में ऐसे जहरीले तत्व पाए जाते हैं, जिनसे बैक्टीरियल इंफेक्शन का भी खतरा हो सकता है। इनकी वजह से नाखून टूटने और बाल झड़ने की भी समस्या हो सकती है। बच्चों और बुजुर्गों को रंगों से ज्यादा नुकसान पहुंचता है, क्योंकि उनकी त्वचा संवेदनशील और पतली होती है।



**बचाव के उपाय:** होली के दौरान त्वचा को सुरक्षित रखने के लिए हल्दी, चुकंदर, अनार, हरसिंगार और पलाश के फूलों से बना प्राकृतिक रंग ही इस्तेमाल करें। बेहतर यही होगा कि इन प्राकृतिक तत्वों को उबाल कर घर पर खुद ही रंग तैयार करें। समय की कमी के कारण अगर ऐसा संभव न हो तो बाजार से रेडिमेड कलर खरीदते समय हर्बल और नेचुरल का लेबल जरूर चेक करें। होली खेलने से पहले पूरे शरीर पर नारियल तेल और पेट्रोलियम जैली लगाएं। रंगों के असर से बचाव के लिए बालों में भी तेल लगाएं। ये चीजें त्वचा पर सुरक्षा कवच की तरह काम करती हैं, जिससे रंग त्वचा के भीतर गहराई तक घुस नहीं पाते। चेहरे के अलावा गर्दन और हाथ-पैरों का विशेष ध्यान रखें। होंठों और आंखों के आस-पास जैली लगाना न भूलें। होली खेलने के लिए घर से बाहर निकलते समय शरीर के खुले हिस्सों पर 50 प्रतिशत एसपीएफ पॉवर का सनस्क्रीन जरूर लगाएं, क्योंकि दिन के वक्त रंगों से होली खेलने पर त्वचा में जलन हो सकती है। रंगों से बचाव के लिए हमेशा फुल स्लीव्स की ड्रेस पहनें। नहाने के बाद एलोवेरा जैल या मॉयश्चराइजर लगाएं। खुजली या रैशेज हों तो एंटी एलर्जिक क्रीम लगाएं।



**आंखों की ऐसे करें केयर:** सूखे रंगों से आंखों के कॉर्निया में खरोंच आ सकती है। रंगों में मौजूद केमिकल्स से आंखों में जलन और खुजली हो सकती है। इसकी वजह से एलर्जिक कंजक्टिवाइटिस भी हो सकता है। गंभीर मामलों में केमिकल बर्न और इंफेक्शन भी हो सकता है।

**कैसे करें बचाव:** अगर कोई आपके चेहरे पर रंग लगा रहा है तो उस वक्त अपनी आंखें बंद कर लें। होली खेलने से पहले सनग्लास पहनना न भूलें। आंखों के चारों तरफ मॉयश्चराइजर या नारियल तेल लगाएं, इससे त्वचा पर रंग नहीं चिपकता है। अगर आंखों में रंग चला जाए तो तुरंत ठंडे पानी धो लें। आंखों को रगड़ें नहीं, इससे रंगों के कण बहुत गहराई से आंखों के भीतर चले जाते हैं। अगर आंखों में जलन हो रही हो तो ल्यूब्रिकेटेड आई ड्रॉप का इस्तेमाल फायदेमंद साबित होगा। अगर आपकी आंखों में कॉन्टेक्ट लेंस लगा है तो होली खेलने से पहले उसे बाहर निकाल लें। अगर इन प्रयासों के बाद भी जलन कम न हो तो आई स्पेशलिस्ट से सलाह लें। होली खेलते समय बच्चों का विशेष ख्याल रखें। अगर आप इन बातों का ध्यान रखेंगी तो आपके परिवार के लिए यह त्योहार सुरक्षित और खुशियों से भरा होगा।

प्रस्तुतिः विनीता

# तब बनेंगी सभी महिलाएं सशक्त-खुशहाल

बदलाव की राह

चैतन्या

महिलाएं समाज को बहुत कुछ देती हैं। परिवार के लिए अपना जीवन अर्पित कर देती हैं। रिश्तों-नातों को सहेजते हुए खुद अपने आप की अनदेखी तक कर देती हैं। आर्थिक मोर्चे पर भी अपनों की जरूरतों के आगे मन की हर इच्छा को दोयम दर्जे पर रख देती हैं। बहुत सी स्त्रियां करियर छोड़ केवल घर-आंगन तक सिमट जाती हैं। हर भूमिका में स्त्रियां अपनों को भावनात्मक सहारा देती हैं। स्त्रियां आमतौर पर देने वाले पाले में ही रहती हैं। जरूरी है कि समाज, परिवार, रिश्तेदार, मित्र और सहकर्मी उनके लिए भी कुछ करने की सोचें। औपचारिकता भर नहीं बल्कि मन से महिलाओं के जीवन से जुड़े हर पहलू को बेहतर बनाने में हेल्पफुल बनें। याद रहे कि स्त्रियों की इस बेहतरी से समग्र समाज की बेहतरी भी जुड़ी है। इस साल इंटरनेशनल वुमेंस-डे (8 मार्च) की थीम 'गिव टू गेन' है। यह विषय महिलाओं की सहजता के लिए देने या कुछ करने के व्यापक असर पर बल देता है।



**समर्थन और सराहना:** घर हो या बाहर, स्त्रियां अकसर अकेली पड़ जाती हैं। मुश्किल घड़ी में भी पूर्वागही सोच से ही उनके व्यक्तित्व को आंका जाता है। उनके फैसलों को तयशुदा समझ से जज किया जाता है। ऐसे में स्त्रियों को कुछ देने या उनके लिए कुछ करने की सोच समर्थन या सराहना के बिना अधूरी है। ऐसे में महिला दिवस की थीम 'गिव टू गेन' सभी को अपने विचार-व्यवहार का रिव्यू करने का आह्वान करती है। वर्कप्लेस से लेकर घर के आंगन तक, स्त्रियों के प्रति उदार बनने का संदेश देती हैं। उनकी भूमिका और भागदौड़ की सराहना करने की सोच जगाने वाली है।

**संसाधन और सुरक्षा:** महिलाओं के लिए हालात कई मोर्चों पर उलझाऊ हैं। कहीं काम करने के अवसर हैं तो सुरक्षित माहौल नहीं। जहां सेफ्टी है वहां सही अवसर नहीं हैं। नई शुरुआत के लिए जगह हो या धन, अपनी मर्जी से उपयोग कर लेने के हालात आज भी आम नहीं हैं। यही वजह है कि 'गिव टू गेन' का भाव संसाधन और सुरक्षा के मामले में आवश्यक है। इसीलिए महिलाओं को सुरक्षा और संसाधन दीजिए, ताकि वे अपनी काबिलीयत को सिद्ध कर सकें। थोड़े से सहयोग और अपनी योग्यता के बूते नवाचार करने वाली महिलाएं समाज-परिवार ही नहीं राष्ट्र को भी सशक्त बनाती हैं।

**शिक्षा और समानता:** बेटियों को बेटों के समान ही पढ़ने-लिखने का हक और माहौल देना तरक्की की साझी सोच की बुनियाद है। इस वर्ष की थीम असल में 'मेरा' से 'हमारा' के विचार को अपनाने पर बल देने वाली है। यह विषय कहता है कि इक्वेलिटी का वह परिवेश बने जिसमें समय, सहानुभूति और खुद को साबित करने का मौका सभी के हिस्से आए। हमारे यहां महिलाओं के साथ आज भी कार्यस्थल पर समान व्यवहार नहीं किया जाता। घरेलू जिम्मेदारियों को अकेले ही उठाने के चलते कामकाज के सही मौके उनकी झोली में नहीं आते। ऐसे में सभी के लिए बहुत जरूरी है कि बहू-बेटियों को बराबरी के अवसर देते हुए खुलकर जीने का स्पेस दें।

बीते कुछ दशकों में स्त्रियों के जीवन में बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। संघर्ष से शुरू हुई उनकी यह यात्रा अब सृजन के नित नए आयाम गढ़ रही है।

# बदलता स्त्री-जीवन संघर्ष से सृजन की यात्रा

नया दौर

अलका 'सोनी'

समकालीन समय में स्त्रियों का जीवन बहुआयामी परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। इसे हर जगह देखा और महसूस किया जा सकता है। यह सुखद परिवर्तन केवल स्त्री की बदलती बाहरी भूमिकाओं में ही नहीं, बल्कि मानसिकता, आत्मविश्वास और आत्मस्वीकृति का भी है। आज की स्त्री घर की चारदीवारी से निकलकर कार्यस्थलों, राजनीति, विज्ञान, साहित्य और कला जैसे विविध क्षेत्रों में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही है। परंतु परिवर्तन की उनकी इस यात्रा में संघर्ष, संतुलन और आत्मसंवाद की लंबी प्रक्रिया शामिल होती है। जिसे पार करते हुए वे आज अपनी सफलता की कहानी खुद ही बयां कर रही हैं।

**सपनों की नई परिभाषा:** पहले स्त्री के सपनों को परिवार की अपेक्षाओं के अनुरूप आकार दिया जाता था। वे जिम्मेदारियों से लदी नजर आतीं थीं। उनके लिए, अपने बारे में सोचना जैसे निषिद्ध था। लेकिन आज वे अपने सपनों को स्वयं परिभाषित कर रही हैं।



शिक्षा ने इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे अपने जीवन की दिशा स्वयं तय करना चाहती हैं, चाहे वह करियर का चयन हो, विवाह का निर्णय हो या मातृत्व का समय।

**जिम्मेदारियों का दोहरा दायित्व:** हालांकि परिवर्तन के इस दौर में स्त्री पर जिम्मेदारियों का भार बढ़ा ही है। घर और बाहर के बीच 'वर्क-पर्सनल लाइफ बैलेंस' उनके लिए रोज का अभ्यास है। यह दोहरा दायित्व कई बार मानसिक दबाव उत्पन्न करता है, किंतु यही दबाव उसे अधिक संगठित, संवेदनशील और दृढ़ भी बनाता है।

**डिजिटली भी हैं एक्टिव:** हमेशा से चुप और सिमटी रहने वाली स्त्रियों को सोशल मीडिया और डिजिटल मंचों ने अभिव्यक्ति का नया माध्यम दिया है। अब उनकी आवाज सीमित दायरे तक नहीं रहती। उनकी गूंज हर तरफ सुनाई देती है। वे अपने अनुभव, विचार और रचनात्मकता को व्यापक रूप से समाज तक पहुंचा सकती हैं। इससे एक सामूहिक चेतना का निर्माण हो रहा है, जहां स्त्रियां एक-दूसरे के संघर्ष और उपलब्धियों से प्रेरणा लेती हैं। उनके सामने जानकारियों का एक नया संसार खुल रहा है। हालांकि अब भी यह कहना अतिशयोक्ति होगा कि सब कुछ बदल गया है। लैंगिक असमानता, कार्यस्थल पर भेदभाव, घरेलू हिंसा और रूढ़िगत सोच अब भी मौजूद हैं। लेकिन आशा की किरण यह है कि अब स्त्री इन चुनौतियों को नियति मानकर स्वीकार नहीं करती। वह समाधान खोजती है और आवाज भी बुलंद करती है।



## बजट में भाजपा ने दिखाई विकसित हरियाणा की दूरदर्शिता

# बजटः सत्ता पक्ष ने सराहा, विपक्ष ने बताया निराशाजनक


**कैथल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट को जहां सत्ता पक्ष ने सराहा है तो वहीं विपक्ष ने इसे आंकडों का खेल, जनता विरोधी तथा दिखावटी करार दिया। बजट को लेकर विभिन्न वर्ग के लोगों से बातचीत की गई।

### बजट विकास की नई संभावनाओं का द्वार : सतपाल



हलका पूंडरी से भाजपा विधायक सतपाल जाम्बा ने कैथल जिले के लिए ओर पुंडरी विधानसभा के लिए विकास की नई संभावनाओं का द्वार बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट समाज के हर वर्ग किसान, मजदूर, युवा, महिला, व्यापारी और कर्मचारी—को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

### बजट से खुलेगी विकास की राह : लीला राम



कैथल से पूर्व विधायक लीला राम ने कहा कि बजट में इन्फ्रास्ट्रख, बिजली, परिवहन, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत, समाज कल्याण आदि विभागों की योजनाओं पर विशेष खर्च नीति बनाई है, जिसके माध्यम से हरियाणा के हर वर्ग के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कार्य किया है।

### बजट हरियाणा की मजबूत आधारशिला




भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि यह बजट "विकसित हरियाणा" की मजबूत आधारशिला है। बजट में किसानों के हितों की रक्षा, युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर, महिलाओं के सम्मान व सुरक्षा के लिए बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है।

### बजट से मिलेगी औद्योगिक विकास को नई गति : अमरजीत छाबडा



हरियाणा प्रदेश राइस मिलर्ज एंड डिलर्ज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा कहा कि बजट से औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। राज्य सरकार ने पुराने औद्योगिक क्षेत्रों के पुनरोद्धार के लिए "सक्षम" नाम से ₹500 करोड़ का विशेष फंड स्थापित करने की घोषणा की है। इसके माध्यम से कैथल सोनीपत, हिसार, अंबाला, यमुनानगर, सिरसा, फतेहाबाद, नीलोखेड़ी, बहादुरगढ़, बरवाला एवं पानीपत सहित विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ किया जाएगा।

### बजट केवल आंकडों का खेलः रामपाल माजरा



इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि हरियाणा के बजट 2026 जनविरोधी/" और आंकड़ों का खेल का खेल हैं, इसमें कुछ भी नया नहीं है। किसानों ,युवाओं और आम जनता के लिए किसी बड़ी राहत नहीं है। महंगाई, बेरोजगारी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए ठोस प्रावधान नहीं हैं । महिला ,मजदूर और मध्यम वर्ग के लिए कोई भी जनकल्याण की नीति नहीं है।

### प्रदेश सरकार का बजट पूरी तरह से दिशाहीन : आदित्य सुरजेवाला



कैथल से कांग्रेसी विधायक आदित्य सुरजेवाला ने बजट को दिशाहीन बजट करार देते हुए इसे जनता-विरोधी और दिखावे वाला बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट किसानों, युवाओं, मजदूरों और आम नागरिकों की असली समस्याओं को नजरअंदाज करता है, जबकि राज्य को कर्ज के बोझ तले दबा रहा है।

### बजट में सभी वर्गों का रखा ध्यानः अशोक



भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि यह बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास, किसान कल्याण, युवा सशक्तिकरण और महिला उत्थान को समर्पित है। ने शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं, जिससे हर वर्ग को लाभ पहुंचेगा।

### विकासपरक बजट : मुनीष कठवाड



भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड ने कहा कि प्रदेश सरकार यह बजट आमजन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने वाला और हरियाणा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला है।

### बजट में किसान व मजदूर वर्ग की अनदेखी : अनिल



इनेलो जिलाध्यक्ष अनिल तंवर क्योडक ने कहा कि बजट में कृषि प्रधान राज्य होने के बावजूद खाद, बीज,डीजल और कृषि उपकरणों की बढ़ती कीमतों पर कोई राहत नहीं दी गई है, इस सरकार में किसान लगातार कर्जदार बनता जा रहा है। किसानों के लिए कोई भी घोषणा नहीं की है। युवाओं के लिए रोजगार कोई ठोस प्रावधान नहीं हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी की उच्च दर एक गंभीर समस्या बनी हुई है, युवा जमीन बेचकर विदेशों में जा रहे हैं, वहां पर भी कोई काम नहीं मिल रहा है।

### आम आदमी के लिए बजट में विशेष राहत का अभाव : गुर्जर



कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी के दौर में आम आदमी के लिए बजट में विशेष राहत का अभाव है जिससे निराशा व्याप्त है। कैथल का बजट में जिक्र भी नहीं किया गया है। । प्रदेश के लिए कोई भी बड़े उद्योग की घोषणा नहीं की है। हरियाणा देश में बेरोजगारी में पहले नंबर है, बजट में रोजगार देने के कोई जिक्र नहीं किया है।

### बजट आम आदमी की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा : प्रेम चंद



सीपीआइएम नेता कामरेड प्रेम चंद ने कहा कि बजट आम आदमी की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा । सरकार की आर्थिक नीतियों को /"दिवालियापन/" के समान बताया जा रहा है जिससे जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा किसानों और युवाओं को निराश किया गया है। खाद, बीज और कृषि उपकरण सस्ते करने चाहिए थे। शिक्षा, खेल और स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए कोई विशेष राहत या बड़ी योजना नहीं है

### बजट में की किसानों की अनदेखी : राजीव



भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ने हरियाणा सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को निराशाजनक बताया और कहा कि किसानों की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश का किसान कर्ज से परेशान है लेकिन करज़ मुक्ति के लिए सरकार ने कोई घोषणा नहीं की है।

**जींद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को वित्त मंत्री के तौर पर दूसरा बजट पेश किया। इस बजट को सत्ता पक्ष ने जमकर सराहा तो विपक्ष ने इसे सरकार से नकारा है। सत्ता पक्ष ने कहा कि बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। वहीं विपक्ष ने कहा कि बजट में केवल घोषणाएं की गई हैं। इस बजट का धरातल से कुछ लेना देना नही है।

### बजट में हर वर्ग का रखा ख्याल : जसमेर रजाना



भाजपा वरिष्ठ नेता जसमेर रजाना ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बजट में हर वर्ग का ख्याल रखा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशभर में नए 21 खेल स्टेडियम की बात कही है। जिसमें जींद को भी खेल स्टेडियम मिलेगा। खिलाड़ियों के खेल कौशल में निखार आएगा।

### किसानों के लिए लाभकारी बजट : डॉ. पुष्पा तायल



भाजपा नेता डा. पुष्पा तायल ने कहा कि बजट में सीवरेट ट्रीटमेंट प्लांट के जरिये जींद, कैथल व गुरूग्राम में अढाई हजार एकड़ को सिंचाई करने की बात कही गई हे। जींद जिला की अढ़ाई हजार एकड़ जमीन भी सीवरेट ट्रीटमेंट प्लांट के जरिये निकलने वाले पानी से सिंचित होगी। जिससे किसानों को फायदा होगा।

### हर वर्ग को फायदा पहुंचाने वाला बजट : भारत भूषण



भाजपा नेता भारत भूषण टांक ने सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा पेश किए गए बजट की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि जो बजट पेश किया गया है उसमें महिलाओं, युवाओं, किसानों, उद्यमियों के साथ-साथ आम लोगों के लिए बहुत कुछ है। बजट अबकी बार सभी वर्गों की राय लेकर बनाया गया है और ये सर्वांगीण विकास का बजट है। बजट को तैयार करने ले लिए सभी वर्गों के लोगों तथा सभी विधायकों से बात की गई थी। यह बजट सबकी उम्मीदों पर खरा उतरेगा।

### आईएमटी के लिए मांगे किसानों से प्रस्ताव : सुखदीप बुआना



भाजपा नेता सुखदीप बुआना ने कहा कि बजट में स्कूल, शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित हर पहलू पर ध्यान दिया गया है। जो वायदे सरकार ने हरियाणा प्रदेश की जनता से किए हैं, उन्हें पूरा करने का काम किया जा रहा है। आईएमटी के लिए ई भूमि पोर्टल पर किसानों से प्रस्ताव मांगे जाएंगे। जींद में आईएमटी बनती है तो इसका फायदा यहां के युवाओं को मिलेगा।

### जमीनी स्तर पर बेरोजगारी, महंगाई बढ़ाने वाला बजट : पवन गर्ग



कांग्रेस नेता पवन गर्ग ने कहा कि सरकार ने आंकड़ों के सहारे एक आकर्षक प्रस्तुति देने की कोशिश की है। परंतु जमीनी स्तर पर बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की बढ़ती युवाओं का पलायन व छोटे व्यापारियों की समस्याएं जस की तस हैं। वहीं कैंसर की रोकथाम और उपचार के लिए किसी विशेष मिशन, अलग कोष या उन्नत चिकित्सा सुविधाओं की स्पष्ट योजना बजट में दिखाई नहीं देती।

### बजट हरियाणा की मूल समस्याओं से ध्यान हटाकर प्रस्तुत किया : दीपक



कांग्रेस नेता दीपक पिंडारा ने कहा कि यह बजट हरियाणा की मूल समस्याओं से ध्यान हटाकर प्रस्तुत किया गया है। प्रदेश आज जल संकट और प्रदूषण जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। घग्गर और यमुना नदियों में बढ़ते प्रदूषण को रोकने और उन्हें साफ करने के लिए कोई ठोस, समयबद्ध और प्रभावी योजना सामने नहीं रखी गई। सरकार को न केवल नदियों की सफाई के लिए व्यापक कार्ययोजना बनानी चाहिए थी बल्कि आम जनता तक साफ और स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए भी ठोस व कारगर नीति प्रस्तुत करनी चाहिए थी। जिसका इस बजट में अभाव है।

### केवल आंकड़ों का खेल : सतपाल



कांग्रेस नेता सतपाल उर्फ सत्तू ने कहा कि यह बजट दिशाहीन, आंकड़ों का खेल और बढ़ते कर्ज पर पर्दा डालने वाला है। सरकार 10.28 प्रतिशत बजट वृद्धि का दावा कर रही है लेकिन सच्चाई यह है कि प्रदेश पर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ रहा है। केवल बजट का आकार बढ़ाना उपलब्धि नहीं है बल्कि यह देखना आवश्यक है कि उस धन का वास्तविक लाभ आम जनता तक कितना पहुंचेगा।

### सरकार ने बजट में मध्यम वर्ग का नही रखा कोई ख्याल : विकास सिहाग



जजपा नेता विकास सिहाग ने कहा कि सरकार ने आमजन को लेकर कोई भी योजना नही दी है। मध्यम वर्ग का बजट में कोई ख्याल नही रखा गया है। पर्यावरण, स्वास्थ्य और पेयजल जैसे जीवन से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता इस बजट में बिल्कुल नही दी है। मध्यम वर्ग के लिए भी इस बजट में कुछ नही किया गया है।

## खबर संक्षेप

### फसल बेचने में नहीं आने दी जाएगी परेशानी : सुरेंद्र

**उचाना।** मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि किसान, मजदूरए युवा, व्यापारी और महिलाओं सहित समाज के हर वर्ग के हितों का ध्यान में रखकर सीएम नायब सिंह सैनी कार्य कर रहे है। निरंतर आमजन हित में वो नायाब फैसले ले रहे है। भाजपा सरकार सबका साथए सबका विकास की नीति पर कार्य करते हुए संतुलित और समावेशी विकास को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि उचाना हलके में आज विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की अगुवाई में विकास कार्यों की गंगा बह रही है।

### जागरण में 6 को पहुंचेंगे कई राज्यों से श्रद्धालु

**उचाना।** छह मार्च को बाबा जोतराम धाम उचाना मंडी में होने वाले 13वें विशाल जागरण एवं भंडारे को लेकर तैयारी जोरों पर है। प्रदेश ही नहीं बल्कि पंजाब, दिल्ली, यूपी, चंडीगढ़, राजस्थान, कलकत्ता से भी श्रद्धालु इस दिन पहुंचेंगे। इसका आयोजन श्री जोतराम सेवा समिति उचाना धाम द्वारा किया जा रहा है। मंदिर के पास ही इसका आयोजन हो रहा है। प्रदेश के साथ-साथ आसपास के राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी न हो इसको लेकर पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

### आरोपितों से लाखों के आभूषण बरामद

**कैथल।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र में स्थित ज्वेलरी दुकान में हुई चोरी के मामले में आरोपी नरवाना निवासी पंकज तथा संदीप को 25 फरवरी को काबू करके 2 मार्च तक पुलिस रिमांड पर लिया गया था। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी रवि कुमार की शिकायत अनुसार उनकी करनाल रोड स्थित रवि ज्वेलर्स दुकान को 17 फरवरी 2026 की शाम बंद कर घर चले गए थे। अगले दिन सुबह दुकान खोलने पर सामान बिखरा मिला तथा सीसीटीवी कैमरे का रुख भी बदला हुआ पाया गया।

### संकट मोचन हनुमान सेवा समिति ने लगाया भंडारा

**कैथल।** गोदाम रोड, हनुमान मार्किट संकट मोचन हनुमान की प्रतिमा के पास 17वां भंडारा कढी चावल का भण्डारे का आयोजन किया गया। भंडारे का शुभारंभ विकास गोयल मैनेजर, पानीपत को-प्रो अर्बन बैंक ने भगवान हनुमान जी सभी देवी देवताओं, जल देवता पर प्रसाद चढाकर किया। यह भण्डारा हनुमान मार्किट के दुकानदारों के सहयोग से लगाया जाता है। स्मरण रहे कि संकट मोचन हनुमान सेवा ट्रस्ट प्रति मास प्रत्येक पूर्णमासी को इस भण्डारे का आयोजन करती है।

### लाभार्थियों के डेटा का हुआ सफल सत्यापन

**उचाना।** नगर पालिका उचाना कार्यालय में वार्ड नंबर 10 के लिए एरिया सभा की बैठक का सफल आयोजन किया गया। सचिव अशोक कुमार के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित इस बैठक में बड़ी संख्या में लाभार्थियों ने भाग लिया और अपने दस्तावेजों का सत्यापन करवाया बैठक को सुचारू रूप से चलाने के लिए कार्यालय में तीन विशेष काउंटर स्थापित किए गए थे। क्लर्क रामनारायण, सौरभ ने सरकारी योजनाओं के लिए पात्र व्यक्तियों के मानदंडों की बारीकी से जांच की।

### ऑपरेशन आक्रमणः कई मामलों में आरोपी दबोचे

**कैथल।** ऑपरेशन आक्रमण के तहत पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी करते आपराधिक मामलों में संलिप्त रहे 40 आरोपियों को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ऑपरेशन आक्रमण के तहत चले विशेष अभियान में एसपी उपासना के निर्देश पर सभी अपराध जांच शाखा एवं थाना व चौकी स्तर पर कुल 72 टीमों का गठन किया गया। जिसमें 295 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विभिन्न जगहों पर रेड कर अपराधियों पर कड़ा प्रहार करते हुए अलग अलग शीर्षक के 11 मामले दर्ज किए गए।



स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में रक्तदाता की हौंसलाअफजाही करते रणदीप श्योकंद।

### 30 युवाओं ने किया रक्तदान

**जींद।** सर्व कल्याण मंच जीन्द द्वारा नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 30 युवाओं ने रक्तदान किया। शिविर का आयोजन राष्ट्रीय युवा अवार्डी सुभाष ढिगाना के पिता स्व. डा. वेदप्रकाश शर्मा की सातवीं पुण्यतिथि पर किया गया। इसमें रैडक्रास सोसाइटी यमुनानगर के सचिव पद से अभी हाल ही में सेवानिवृत हुए रणदीप श्योकंद ने मुख्यअतिथि शिरकत कीए जबकि मार्कीटिंग बोर्ड के अधीक्षक अभियंता नवीन दहिया ने अध्यक्षता की। पीएनबी के रिटायर्ड चीफ मैनेजर बृजमोहन पंवार, मेरा युवा भारत के जिला युवा अधिकारी हरप्रीत, वरिष्ठ साहित्यकार रामफ सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। रणदीप श्योकंद ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है। इसका महत्व तब पता चलता है जब कोई मरीज जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहा होता है। ऐसे समय पर जरूरतमंद को रक्त उपलब्ध करवाकर तत्काल सहयोग कर उसकी जान बचाई जाती है। सुभाष ढिगाना का प्रयास और भी प्रेरणादायक इसलिए है। उन्होंने कहा कि ऐसे रक्तदाता समाज की असली पूंजी होते है। नवीन दहिया ने भी सुभाष ढिगाना द्वारा चलाई जा रही रक्तदान जागरूकता मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि इनके द्वारा निरंतर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है।

# निर्माण कार्य अधूरा छोड़ने पर रोष

## दुर्गा मंदिर मार्ग की बदहाल स्थिति से श्रद्धालु परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

नगर के दुर्गा मंदिर जाने वाला रास्ता इन दिनों बदहाल स्थिति में है। सीवरेज पाइपलाइन दबाने के बाद गली का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रास्ते में जगह-जगह कीचड़, गहरे गड्ढे और उखड़ी हुई मिट्टी पड़ी है। उबड़-खाबड़ और मलबा बिखरा होने से पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। दोपहिया वाहन चालकों को खास तौर पर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और कभी भी हादसे की



आशंका बनी रहती है। लोगों का कहना है कि प्रशासन और संबंधित ठेकेदार को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक निर्माण कार्य दोबारा शुरू नहीं किया गया। वार्ड नंबर सात 8 के निवासियों में इस समस्या को लेकर भारी रोष है। उनका कहना है कि यह मार्ग मंदिर का मुख्य रास्ता होने के साथ-साथ नगर का प्रमुख मार्ग भी है, इसलिए इसे प्राथमिकता के आधार पर ठीक किया जाना चाहिए। गौरतलब है कि आने वाली 10 मार्च को यहां बांसड़ों पर बड़ा मेला लगने वाला है, जिसमें हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में यदि समय रहते सड़क का निर्माण पूरा नहीं किया गया तो श्रद्धालुओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा।क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि मेले से पहले सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।



नरवाना। होली खेलते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में मनाया रंगों का त्योहार

**नरवाना।** शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में होली का त्योहार बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्य अनिल चहल ने कार्यक्रम की शुरुआत में होली के महत्व और इसके सांस्कृतिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि होली न केवल रंगों का त्योहार है बल्कि यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक भी है। हमारे छात्र इन मूल्यों को अपने जीवन में उतारे यही हमारी शिक्षा का उद्देश्य है। इसके बाद छात्रों ने होली के पारंपरिक गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। कक्षा छठी की छात्राओं ने होली खेले रघुवीरा गीत पर लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। जिसे देखकर सभी मंत्रमुग्ध हो गए। छात्र व छात्राओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी।

**दी हरियाणा सहकारी विपणन एवं प्रसाधन समिति लि. उचाना (जीन्द)**

**सूचना**

आप सभी समिति सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दी हरियाणा सहकारी विपणन एवं प्रसाधन समिति लि० उचाना की वर्ष 2024-25 की वार्षिक आम सभा की बैठक दिनांक 16-03-2026 दिन सोमवार को 11:00 बजे समिति कार्यालय में बुलाई गई है जिसका एजेण्डा आईटम समिति कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय समय में देखे जा सकते हैं। समिति सदस्यों (व्यक्तिगत सोसायटीज) को मिटिंग बारे लिखित सूचना अलग से नहीं भेजी जा रही है। अतः आप सभी समिति सदस्यों से इस विज्ञापन के माध्यम से निवेदन किया जाता है कि सही समय व स्थान पर पहुंचने का कष्ट करें।

हस्ता/- प्रबंधक, समिति उचाना।

## अग्रवाल युवा सभा ने किया परिवार मिलन समारोह व एक शाम बाबा खाटू श्याम के नाम कार्यक्रम

# धार्मिक आयोजन से भाईचारा होगा सुदृढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

होली के पावन अवसर पर अग्रवाल युवा सभा, कैथल द्वारा आयोजित "परिवार मिलन समारोह एवं एक शाम बाबा खाटू श्याम के नाम" कार्यक्रम अत्यंत भव्य एवं श्रद्धामय वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य व्यक्तियों, मातृशक्ति, युवाओं एवं परिवारजनों ने सहभागिता कर बाबा के भजनों की सरिता में आस्था की डुबकी लगाई। सभा के प्रधान रामप्रताप गुप्ता ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी श्रद्धालुओं, अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार



अग्रवाल युवा सभा कैथल प्रधान रामप्रताप गुप्ता परिवार मिलन समारोह के दौरान

व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज में एकता, प्रेम और संस्कारों को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में पधारे सभी भजन गायकों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। प्रधान रामप्रताप गुप्ता ने सभी गायकों का विशेष धन्यवाद करते कहा कि उनके भजनों ने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया और कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया। संकिर्तन की सुंदर प्रस्तुति हेतु श्री गिरिराज मित्र मंडल, कैथल का भी विशेष रूप से धन्यवाद किया गया, जिनके सुमधुर संकीर्तन ने श्रद्धालुओं को बाबा की भक्ति में लीन कर दिया। चेयरमैन रामकुमार बंसल ने अपने वक्तव्य में कहा कि अग्रवाल युवा सभा सदैव समाज के हित एवं धार्मिक गतिविधियों के लिए तत्पर रहती है। इस अवसर पर अग्रवाल युवा सभा कैथल प्रधान रामप्रताप गुप्ता, चेयरमैन रामकुमार बंसल, उपप्रधान संजय बंसल, महासचिव मोहनलाल गुप्ता, सह सचिव हिमांशु गोयल एडवोकेट, कोषाध्यक्ष सुभाष मौजूद रहे।



विधायक आदित्य सुरजेवाला महादेव कॉलोनी में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग के पीडितों से मिलते हुए

### हर संभव मदद का दिया आश्वासन

**कैथल।** गत दिनों कैथल की महादेव कॉलोनी में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी भीषण आग ने एक परिवार के घर को बुरी तरह प्रभावित किया। आग से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया, हालांकि घर खाली होने के कारण किसी बड़े हादसे से जान-माल की बड़ी क्षति टल गई। कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला ने दुख की घड़ी में एक प्रभावित परिवार के साथ खड़े होकर अपनी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का परिचय दिया है। विधायक आदित्य सुरजेवाला ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की, उनकी तकलीफ सुनी और व्यक्तिगत रूप से आर्थिक सहायता प्रदान की। साथ ही उन्होंने प्रशासन से हर संभव मदद दिलवाने का आश्वासन दिया।सुरजेवाला ने कहा कि दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ खड़े होना हमारा फर्ज है। भगवान का शुक्र है कि किसी बड़े नुकसान से बचाव हो गया, लेकिन परिवार की मुश्किलें समझ आ रही हैं। वादा है, हम सब मिलकर ऐसे हालात में एक-दूसरे का साथ निभाएंगे। यह घटना कैथल में विधायक आदित्य के सक्रिय जनसेवा कार्यों की एक और मिसाल है, जहां वे लगातार क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील बने हैं। पीड़ित परिवार ने उनकी त्वरित प्रतिक्रिया और सहयोग पर धन्यवाद व्यक्त किया।

**राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कैथल**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में दिनांक 9.03.2026 को प्रातः 10:00 बजे राष्ट्रीय शिक्षुता मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में प्रदेश की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां आईटीआई से विभिन्न व्यवसायों में पासशुद्धा विद्यार्थियों को शिक्षुता तथा प्लेसमेंट के लिए चयनित करेंगी। इच्छुक विद्यार्थी सभी दस्तावेजों सहित समय पर पहुंचकर राष्ट्रीय मेले में भाग ले सकते हैं।

हस्ता/- प्रधानाचार्य
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
कैथल

## खबर संक्षेप

### 26वें वैवाहिक सम्मेलन को लेकर पूंडरी में बैठक

**पूंडरी।** पूंडरी में बस स्टैंड के सामने अग्रवाल युवा अग्रवाल संगठन द्वारा समाज के लोगों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें 15 मार्च को करनाल में आयोजित होने वाले 26वें वैवाहिक अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रधान रमेश जिंदल ने की।

### मीनू बैनीवाल के जन्मदिन पर गायों को खिलाया चारा

**उचाना।** टीम कप्तान नरवाना के सदस्यों द्वारा हरियाणा ओलिंपिक अध्यक्ष कप्तान जसविंद्र मीनू बैनीवाल के जन्मदिन पर गौशाला में जाकर सवामणी एवं हराचाराए गुड़ गायों को डाला। कराटे एसोसिएशन के वाइस चेयरमैन सूर्यदेव सुदकैन, नंदलाल शर्मा ने बताया कि मीनू बैनीवाल युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। निरंतर खेल हितैषी नीतियों के चलते प्रदेश के खिलाड़ियों को फायदा हो रहा है।

### न्यू प्रगति स्कूल में धूमधाम से मनाई होली

**जींद।** न्यू प्रगति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डाहौला में होली का पावन पर्व बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर रंगबिरंगे गुलाल से सराबोर दिखाई दिया। विद्यार्थियों ने गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने होली से संबंधित सुंदर गीत, कविताएं एवं नृत्य प्रस्तुत किए।

### ब्रह्माकुमारी राजौंद केंद्र पर मनाया होली उत्सव

**राजौंद।** राजौंद सेवा केंद्र पर होली का पर्व हर्षोल्लास एवं आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित भाई-बहनों को संबोधित करते हुए राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी ने कहा कि होली का त्योहार हमें संदेश देता है कि जीवन रंगों की तरह प्रेम, शांति, खुशी, आनंद, सद्भाव, सौहार्द्र और एकता से भरा होना चाहिए।

### रोटरी क्लब ने मनाया भव्य होली महोत्सव

**नरवाना।** रोटरी क्लब नरवाना द्वारा राधेश्याम गोशाला में होली महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर क्लब के सभी सदस्य सपरिवार उपस्थित हुए। जिन्होंने गो सेवा में भाग लेकर गायों को हरा चारा डाला। गो सेवा के बाद कीर्तन का आयोजन किया गया। श्री बांके बिहारी कीर्तन मंडल द्वारा से होली खेली गई। जिससे रोटरी क्लब व गोशाला के सदस्य उपस्थित हुए।

### एसडीएम ने सुनी लोगों समस्याएं, किया समाधान

**नरवाना।** एसडीएम जगदीश चंद्र ने अधिकारियों को जन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए ताकि आमजन को राहत मिले तथा लोगों का प्रशासन के प्रति विश्वास बना रहे। एसडीएम ने स्पष्ट तौर पर कहा कि आम नागरिक प्रशासनिक अधिकारियों से काफी उम्मीद रखते हैं और अपनी समस्याओं के समाधान के भरोसे के साथ अपनी शिकायत लेकर आते हैं।

### आदर्श स्कूल में होली पर बिखरा प्रेम और विश्वास

**राजौंद।** गांव जाखौली के आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में होली का पावन पर्व अत्यंत भावनात्मक और उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाय। इस दौरान विद्यालय परिसर केवल रंगों से ही नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास और अपनत्व की भावना से भी सराबोर दिखाई दिया। विद्यार्थियों और अध्यापकों ने सादगी पूर्वक से एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं।

### महिलाओं ने होलिका की पूजा अर्चना की

**उचाना।** होली का पर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया। होलिका की पूजा के लिए महिलाएं परिवार के साथ पहुंची। परिवार में सुख, शांति की कामना के लिए पूजा व अर्चना की। पुजारी अशोक शर्मा ने कहा कि तीन को चंद्र ग्रहण है। पूर्णिमा तिथि में ग्रहण का वेध हो तो पूर्व दिन होलिका दहन करना उचित माना जाता है।

---

### होली पर बाजारों में छाई रौनक, लोगों ने जमकर गुलाल खरीदा

# महिलाओं ने होलिका की पूजा अर्चना कर परिवार के सुखद भविष्य की कामना की

- सामाजिक संस्थाओं ने जगह-जगह आयोजित किए कार्यक्रम
- फॉग पर्व को लेकर पुलिस अलर्ट, जगह-जगह नाकाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद




**जींद।** होलिका की पूजा करते हुए श्रद्धालु व होली पर्व को लेकर दुकान के बाहर सजाई गई पिचकारी।

जिलेभर में सोमवार को रंगों का खेल होली पर्व को लेकर लोगों ने होलिका की पूजा अर्चना कर सुखद भविष्य की कामना की। बाजार में रौनक छाई रही। लोगों ने जमकर गुलाल खरीदा। बच्चे पिचकारी खरीदने में पीछे नहीं रहे। भ्रदा के साये के चलते देर रात को शहर में विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन किया गया और पटाखे फोड़े। वहीं मंगलवार को चंद्रग्रहण होने के चलते बुधवार को फॉग खेला जाएगा। लोगों की आपातकालीन सेवा के लिए नागरिक अस्पताल इमरजेंसी वार्ड में चिकित्सकों की डयूटी लगा दी गई है और होली पर्व पर लड़ाई व झगड़े, दुर्घटना या किसी भी तरह की अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है। शहर के बाजार पटियाला चौक, पुरानी सब्जी मंडी, मेन बाजार, पालिका बाजार, तांगा चौक पर खासी रौनक देखने को मिली। महिलाओं, बच्चों व लोगों ने गुलाल की खरीददारी की। आलम यह था कि गलियों में छोटे बच्चे अपने मकानों की छत पर चढ़ कर आने-जाने वालों पर पानी उड़ेल रहे थे। पानी से भरे गुब्बारों की बरसात हो रही थी। दुकानों पर काम करने वाले कर्मचारियों ने भी एक-दूसरे को गुलाल लगा कर होली मनाई। पटेल नगर, सावित्री नगर, संत नगर, सैनी मोहल्ला, अपराही मोहल्ला, हनुमान नगर, अर्बन इस्टेट, डिफेंस कालोनी, सफीदों रोड, रोहतक रोड, भिवानी रोड, प्रेम नगर, आत्मा नगर में बच्चे गलियों में घूमते हुए नजर आए। होली का पर्व समाज में आपसी भाईचारे व सौहार्द का प्रवाह करता है। लोग मिलजुलकर इस पर्व को मनाते है।

#### जयंती देवी मंदिर में हुआ भव्य कार्यक्रम

जयंती देवी मंदिर में होली पर्व को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया व फूलों से होली खेली। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने कहा कि हर त्यौहार का अपना एक रंग होता है, जिसे आनंद या उल्लास कहते हैं। होली को रंगों के त्यौहार के रूप में मनाते हैं। होली का त्यौहार भारत में फाल्गुन मास के पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इसमें एक और रंगों के माध्यम से संस्कृति के रंग में रंगकर सारी भिन्नताएं मिट जाती हैं और सब बस एक रंग के हो जाते हैं।

#### हर्बल गुलाल की बढ़ी मांग

दुकानदार प्रदीप ने बताया कि इस बार लोगों ने सबसे ज्यादा हर्बल गुलाल खरीदा। हर्बल गुलाल लाल, हरे व पीले रंग में उपलब्ध था। बच्चों ने गुलाल व वाटर कलर के पाउच खरीदे। इसके अलावा इलेक्ट्रोनिक पिचकारी भी बच्चों की पहली पसंद रही। दुकानदारों ने बताया कि बच्चों ने स्पाइडर, माचिस, गन व फव्वारा पिचकारी ज्यादा पसंद की। देर शाम के बाद होली का दहन हुआ। शहर में कई जगहों पर होलिका दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इससे पहले भारी संख्या में महिलाओं ने होली की पूजा की तथा पानी चढ़ाया। इसके बाद महिलाओं ने होलिका की फेरी लगाई व कच्चा सूत बांध कर होलिका की परिक्रमा की। होलिका को आग लगाते ही लोगों ने प्रह्लाद जिंदाबाद के नारे लगाए। बुराई की प्रतीक होलिका धूं-धूंकर जल गई जबकि प्रह्लाद को श्रद्धालुओं ने सकुशल निकाल कर पानी में बहा दिया।

---



**जींद।** हवन में आहुति डालते प्रबंधक समिति पदाधिकारी।

## इंडस स्कूल में यज्ञ करके मनाया स्थापना दिवस

### यज्ञ के बाद किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

इंडस पब्लिक स्कूल ने स्कूल का स्थापना दिवस समारोह पर हवन यज्ञ किया और पौधे लगाए। कार्यक्रम में इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराण, इंडस स्कूल जींद की निदेशिका रचना श्योराण, स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा, उपप्राचार्य प्रवीन कुमार तथा मुख्याध्यापिका गुरमीत कौर विशेष रूप से मौजूद रहे। विद्यालय की 23वीं वर्षगांठ पर हवन का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के अध्यापकगण और छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराण ने विद्यालय में 23 पौधे लगाए। सुभाष श्योराण ने कहा कि दो मार्च 2003 में सामाजिक कार्यकर्ता मित्रसेन के मार्गदर्शन में इस विद्यालय का प्रारंभ हुआ। मित्रसेन इस विद्यालय के संस्थापक थे। उन्होंने स्वर्गीय मित्रसेन आर्य के जीवन के आदर्श पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परोपकार करना, समाज में जागरूकता फैलाना, समानता आदि उनके मुख्य उद्देश्य थे।



**कैथल।** फूलों संग होली खेलते इंडस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी।

## इंडस प्ले स्कूल में उत्साह पूर्वक मनाया रंगों का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

इण्डस प्ले स्कूल में रंगों के पावन पर्व होली का उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को होली के सांस्कृतिक महत्त्व से अवगत कराना तथा प्रेम, एकता और भाईचारे का संदेश देना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने होली के मनमोहक गीतों पर आनंदपूर्वक नृत्य प्रस्तुत किया। नन्हें-मुन्नों ने फूलों के साथ होली खेलकर उत्सव का भरपूर आनंद लिया। सभी विद्यार्थी सफेद परिधान में अत्यंत सुंदर और आकर्षक दिखाई दे रहे थे, जिससे वातावरण और भी रंगीन व उल्लासपूर्ण हो उठा। कार्यक्रम का समापन हँसी, खुशी और आपसी प्रेम के मधुर वातावरण में हुआ। प्रधानाचार्या तनु पूनिया तथा डायरेक्टर अभिषेक सहारण ने सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षित एवं आनंदमय होली मनाने का संदेश दिया।

---

### जुलाना में धूमधाम से मनाया होली का पर्व

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के पुरानी अनाज मंडी में होली का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही महिलाएं अपने बच्चों के साथ पूजा अर्चना के लिए पहुंचती रहीं। पूरे क्षेत्र में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। होली के अवसर पर महिलाओं ने विधि विधान से पूजा कर परिवार की सुख, समृद्धि और बच्चों की लंबी आयु की कामना की। माताओं ने परंपरानुसार होलिका के चारों ओर परिक्रमा की और अपने बच्चों की सलामती के लिए दुआएं मांगी। कई महिलाओं ने बच्चों को गोद में लेकर पूजा की तथा माथे पर तिलक लगा कर उनके उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की। पुरानी अनाज मंडी परिसर में सुबह से ही चहल-पहल बनी रही। बच्चों में भी त्योहार को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया।

## डीसी ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

- जिला प्रशासन बोर्ड परीक्षाओं को नकल रहित, निष्पक्ष संपन्न करवाने के लिए है प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** डीसी अपराजिता जाट स्कूल में परीक्षा केंद्र का दौरा करते हुए।

डीसी अपराजिता ने सोमवार को जाट कॉलेज में बने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया तथा सभी व्यवस्थाओं को जांचा। उन्होंने सबसे पहले परीक्षा केंद्र में जाकर सुरक्षा व्यवस्था व प्रकाश आदि की व्यवस्था की बारीकी से जांच की और उपलब्ध करवाई जा रही मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल की। उपस्थित एवं अनुपस्थित विद्यार्थियों की संख्या के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की। डीसी अपराजिता ने कहा कि जिला प्रशासन हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं को नकल रहित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। अगर कोई परीक्षार्थी नकल करने तथा अन्य व्यक्ति नकल करवाने में संलिप्त पाया जाएगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से भी आह्वान किया कि परीक्षाओं को नकल रहित करवाने में जिला प्रशासन का साथ दें और अपने बच्चों को भी पूरी तैयारी के साथ अकल से परीक्षा देने की सलाह दें। डीसी ने परीक्षा के दौरान आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा केंद्र के अंदर व बाहर पैनी नजर बनाए रखने के निर्देश दिए।

### गोल्ड लाइफ स्कूल में मनाया गया होली का पर्व

**राजौंद।** गोल्ड लाइफ स्कूल में होली का पावन त्योहार रंगों और गुलाल के साथ बड़े उत्साह और आनंदपूर्ण वातावरण में मनाया गया। विद्यालय परिसर में चारों ओर अबीर-गुलाल की सुगंध और रंगों की छटा देखने को मिली। बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का संदेश दिया। पूरा वातावरण हंसी-खुशी और सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने केवल सूखे रंगों और गुलाल से ही होली खेली। विद्यालय प्रशासन द्वारा विशेष रूप से प्राकृतिक और हर्बल गुलाल के उपयोग पर जोर दिया गया, ताकि सभी छात्र सुरक्षित और स्वस्थ रहें। प्रत्येक कक्षा में रंगों के माध्यम से एकता और अपनत्व का भाव दिखाई दिया।



## पूंडरी के इंडोर स्टेडियम में हुई जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

**पूंडरी।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में व मेरा युवा भारत, कैथल के सहयोग से सोमवार को पूंडरी के इंडोर स्टेडियम में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न गांवों एवं क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया। मार्केट कमेटी के चेयरमैन सुभाष हजवाना ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कोच पूंडरी करमवीर सिंह ने मंच का कुशल संचालन करते हुए मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि सुभाष हजवाना ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।



## पानीपत रिफाइनरी के मजदूरों पर हो रहे शोषण के खिलाफ किया प्रदर्शन

**जींद ।** मजदूरों के खून, पसीने से चल रही पानीपत रिफाइनरी के ठेका मजदूरों के खिलाफ हो रहे अमानवीय शोषण के विरुद्ध सोमवार को सीटू एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के बैनर तले शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व सीटू जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र ने किया। जिसमें सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला अध्यक्ष संजीव ढांडा, जिला सचिव सन्नी पटवारी, जींद ब्लॉक प्रधान मंदीप नेहरा, सीटू जिला सचिव संदीप जाजवान सहित कई मजदूर व कर्मचारियों ने श्रम मंत्री भारत सरकार व प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर इंद्र सिंह, उत्तम बनर्जी, बिट्टू, आशा रानी आदि शामिल हुए।


## O.S.D.A.V.PUBLIC SCHOOL

**KHURANA ROAD, KAITHAL(01746-232899)**
**Managed by – DAV College Managing Committee, New Delhi**
**Website – http://www.osdavkaithal.org  Email : davkaithal1@gmail.com**

**SESSION 2026-27**

Applications are invited from 02.03.2026 to 14.03.2026 from DAV CBT Qualified candidates with Provisional Eligibility Card for the following posts:

1 PGT : Commerce, Physical Education, Political Science, Sociology
2 TGT/PRT : English, Hindi, Science(Medical/Non-Medical), Mathematics, Social Science, Punjabi, M.P.Ed./B.P.Ed., Music/Dance, Art & Craft/Painting, Computer Science
3 Pre-Primary Teacher : Mother Teacher to teach Pre-Primary Classes
4 Other : Counselor, Special Educator, Nurse/Wellness Teacher, L.D.C & Receptionist.

- Minimum Qualifications as prescribed by CBSE/DAV CMC, New Delhi
- Female candidates with fluency in English will be preferred
- Pay-Scale as per VII Pay Commission or handsome consolidated salary as per school norms.
- Final selection will be made on the basis of Demonstration & Panel interview at the school, subject to verification of P.E.C and all original documents.
- Eligible candidates with good communication skills can apply on the prescribed format available on the school Website - http://www.osdavkaithal.org.
- Duly filled form along with the self-attested copies of Education, Experience and P.E.C can be submitted upto 14.03.2026 at school reception from 9.00 am to 2.30 pm or sent on Email-id - davkaithal1@gmail.com

**MANAGER**